54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.4°c अधिकतम 34.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:53, सूर्यास्त - 6:48 | वर्ष : 54/ अंक : 236 | बृहस्पतिवार, 27 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**।। अमृतवाणी ।।**
जीवन को बेहतर बनाना है, तो सोच को सकारात्मक और कर्म को ईमानदार रखिए: अज्ञात

पवन खेड़ा को इनाम के तौर पर राज्यसभा की सीट दी गई, जिसके वे हकदार नहीं हैं : किरन रिजिजू




हर सीट पर सवाल है हकदार कौन है?.....इस दौर में जनता का तरफदार कौन है?.....

# इस शहर के नेता है महान, राखी पर भी भाईयों के कटते देख रहे चालान

## – कस्बों से आने वाला ग्राहक शहर के बाजारों से गया भाग

**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** ट्रैफिक विभाग योगी सरकार को खुश करने के लिए चालान के नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मगर यह भी तय है कि चालान काटने से बेशक सरकार व ट्रैफिक विभाग दोनों का राजस्व बढ़ रहा हो, लेकिन वोट बैंक घट रहा है। इसका परिणाम 2027 में साफ तौर पर दिखाई पड़ेगा। मुजफ्फरनगर में इसका बड़ा कारण यह रहेगा कि मुजफ्फरनगर के प्रत्येक चौराहे को पिछले तीन वर्षों से ट्रैफिक विभाग ने छावनी बना रखा है। चारों ओर से घेर-घेर कर जो चालान काटने का क्रम पिछले तीन वर्षों में दिखाई पड़ा है, वो कभी नहीं दिखाई दिया। जैसे ही मुजफ्फरनगर के चारों बाईपास की एंट्री पर ग्रामीण क्षेत्र का शहर आने वाला ग्राहक हेलमेट पहने दिखाई पड़ता है, तो ट्रैफिक विभाग समझ जाता है कि उनका भोला भाला शिकार यही है। तुरंत उसे रोका जाता है और न्यूनतम पांच सौ और अधिकतम राशि 20-20 हजार तक के चालान इसी मुजफ्फरनगर में कटे हैं, जो गरीब व्यक्ति शहर में प्रवेश होने के नाम पर हजार दो हजार पांच हजार रुपए का चालान कटवा लेता है, वह दोबारा कस्बे से शहर की ओर खरीदारी का रुख ही नहीं करता और व सोचता है कि इतने का चालान जब बाइपास पर ही कट गया, तो अब खरीदारी कौन से पैसों से करेंगे? शहर में आने वाला ग्राहक वापस कस्बे लौट जाता है और शहर से खरीदारी कभी ना करने की कसम खा लेता है। यदि ये सब बातें सच ना लगती हो, तो राखी का जोरदार पर्व जिस पर दुकानदार आस लगाए बैठे थे कि कस्बों से गिफ्ट -मिठाई आदि की खरीदारी करने के लिए बड़ी मात्रा में ग्राहक आयेगा, आज शहर की हालत जाकर देख लें कि बाजारों में राखी से दो दिन पूर्व भी सन्नाटा पसरा हुआ है। चालान के भय से कस्बे का ग्राहक कस्बे में ही खरीदारी करके अपने घर वापस लौट रहा है। शहर में सिर्फ शहर का ही ग्राहक खरीदारी के लिए निकलता है। बाकी सब ग्राहक जो भी शामली, बुढ़ाना, खतौली, मीरापुर, पुरकाजी, चरथावल, भोपा, मोरना आदि से आया करता था, वे सारा ग्राहक चालान कटने के भय से नहीं आ रहे हैं।




# 2027 में जब नेता वोट मांगने आयेंगे तो नेताजी को यही चालान दिखायेंगे

## 2027 आते ही ऐसे नेताओं को पलकों पर बैठाएगा शहर का नौजवान

**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** शहर में घुसते ही चालान कटने की परंपरा राखी, दशहरा और दिवाली प्रत्येक त्योहार पर बदस्तूर जारी रहती है। लाख बार जनता के विरोध करने के बाद भी नेताओं के कानों पर जूँ तक नहीं रेंगती और लगातार चालान कटने का क्रम जारी रहता है, ऐसे में जिन लोगों के चालान दो से तीन बार कट चुके हैं, वे सिर्फ नेताओं को कोस ही नहीं रहे हैं बल्कि चालान की कॉपियां लेकर घर में बैठे हैं और इतंजार कर रहे हैं कि 2027 आए, तो क्यों ना नेताओं के गले में इन्हीं चालानों की मालाएं डाली जाएं और नेताओं से ये शर्त रखी जाएं कि ये सारा भुगतान दे दो और वोट ले लो। शायद नेता इतना भारी-भरकम भुगतान नहीं दे पाएंगे? ऐसे में नेता वोट कहा से पाएंगे। अब जनता मूर्ख नहीं रह गई है कि चुनाव आते ही हिंदू को खतरे में बताकर नेता वोट मांगेंगे और जनता आराम से इन्हें वोट दे देगी। इस बार जनता तैयार बैठी है, प्रत्येक चौराहे पर चालान कटने के साथ साथ सड़कों में गहरे गहरे गड्ढे होने का जवाब लेने के लिए, विद्युत विभाग द्वारा 14-14 घंटे गर्मी में बिल बिलाने का जवाब लेने के लिए, बारिश में घरों में घुसे पानी का जवाब लेने के लिए, महंगाई का जवाब लेने के लिए और ना जाने कितने मुद्दे लेकर जनता इंतजार कर रही है, कि नेताजी वोट मांगने आएं और हम इन सब सवालों की माला बनाकर उनके गले में पहनाएं।

# 'भरी कोर्ट में गोली मारेंगे' गाने से चर्चित हुए हरियाणवी सिंगर की 5 गोलियां मारकर हत्या

## शामली में जिम से निकलते वक्त अंकित बालियान को मारी गोली -उग्र ग्रामीणों ने लगाया जाम, मां गोद में लाश लेकर सड़क पर बैठी

**शामली, 26 अगस्त (एजेंसी)।** 'भरी कोर्ट में गोली मारेंगे' गाने से चर्चित हुए 32 साल के यूट्यूबर और हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की आज देर शाम जिम के बाहर पिस्टलों से गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उन पर 18 राउंड फायरिंग की। सिर, पेट में 5 गोली लगने से वह गिर गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार शाम करीब 7 बजे यह घटना हुई। 4 हमलावर पहले से घात लगाकर बैठे थे। घटना से गुस्साए लोगों ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए सड़क जाम कर दिया। मां अंकित की लाश गोद में लेकर सड़क पर बैठ गई हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की पहचान की कोशिश कर रही है। अंकित अपने गाने 'भरी कोर्ट में गोली मारेंगे मेरी जान' से काफी चर्चित हुए थे। वर्ष 2023 में शामली में उनके रोड शो की भी चर्चा हुई थी। बताया जा रहा है कि अंकित जिला पंचायत चुनाव की तैयारी कर रहे थे। उनकी हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। वे फेमस भले हरियाणवी गानों के लिए हुए, लेकिन उनका जन्म शामली में ही हुआ था। अंकित बालियान शामली में बंतीखेड़ा गांव का मूल निवासी था। वह हरियाणा के सोनीपत में रह रहा था। अब पिछले कई माह से वे परिवार के साथ गांव में रह रहा था। बुधवार शाम वह रोज की तरह शहर कोतवाली के आर्यपुरी नाला पटरी में जिम करने गया था। करीब 7 बजे अंकित जैसे ही जिम से बाहर निकले, उन पर हमलावारों ने करीब 18 राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग से आस-पास भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, हमलावर पहले से जिम के बाहर थे। वे अंकित बालियान के बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही अंकित जिम से बाहर निकलकर अपनी स्कॉर्पियो में बैठने लगे, तभी बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। अंकित ने बचने की कोशिश की। लेकिन ड्राइविंग सीट की तरफ दीवार थी। इसलिए अंकित ने स्कॉर्पियो की को-ड्राइविंग सीट की तरफ से अंदर जाने का प्रयास किया। हमलावरों ने जबरन स्कॉर्पियो का गेट खोला और अंकित पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। तीन गोलियां गाड़ी के अगले शीशे में और 5 अंकित के शरीर में जा लगीं। वारदात के बाद चारो हमलावर पैदल ही मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों के साथ ग्रामीणों ने दिल्ली-मुजफ्फरनगर रोड पर वर्मा मार्केट तिराहे के पास सड़क जाम कर दिया है। यह जगह जिम से करीब 50 मीटर दूर है, जहां अंकित की हत्या की गई थी। देर शाम तक अंकित के गांव से बड़ी संख्या में लोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर मौके पर पहुंच रहे थे। पुलिस ने तिराहे से करीब 50 मीटर पहले बैरियर लगा दिया। मौके पर 4 थानों की पुलिस फोर्स तैनात है। पुलिस अधिकारियों की ओर से लोगों को समझाने का प्रयास किया। अंकित की मां बेटे का सिर गोद में रखकर सड़क पर बैठी बिलखते हुए कह रही थीं- बोलो मत, मेरा बेटा सो रहा है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शामली के पूरे पुलिस प्रशासन को निलंबित करने की मांग की। उनका कहना है कि यदि पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आरोपियों का एनकाउंटर किया जाए और उनके खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई हो। मौके पर एसपी समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहे और पुलिस अधिकारियों की ओर से आक्रोशित भीड़ को समझाने और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने मौके से कारतूस के खोखे बरामद किए हैं। पुलिस को आशंका है कि घटना में शामिल हमलावर हरियाणा के हो सकते हैं। एसपी एनपी सिंह ने बताया, अंकित बालियान की हत्या की वजहों के जल्द खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। टीमें सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं। जल्द ही खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। अंकित बालियान पर शामली में एफआईआर भी दर्ज हुई थी।



# 50 वर्षीय सरदार आलम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## – शरीर पर धारदार हथियारों के निशान, हत्या की आशंका

**खतौली, 26 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती में बुधवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 50 वर्षीय सरदार आलम की मौत हो गई। उनका शव सड़क किनारे नाली में पड़ा मिला। शरीर पर धारदार हथियार के निशान मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने सरदार आलम को सड़क किनारे पड़ा देखा, तो ई-रिक्शा से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई इरशाद ने बताया कि सरदार आलम शाम करीब पांच बजे घर से निकले थे। कुछ देर बाद उनके नाली में पड़े होने की सूचना मिली। उन्होंने किसी से विवाद या रंजिश होने से इन्कार किया। शरीर पर चोट के निशान की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल और भूड़ चौकी प्रभारी अनिल तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# बामनहेड़ी पुल के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** सरवट क्षेत्र में बामनहेड़ी पुल से पहले एक युवक की ट्रेन से टकराने के कारण मौत हो गई। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का शव बुरी तरह से कट गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 36 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है। सोनू पुत्र वीरेंद्र जिले के भोपा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेहड़ा-थ्रू गांव का रहने वाला था। जैसे ही सोनू की मौत की खबर उसके परिवार के लोगों को मिली, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सिविल लाइन थाना के प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि यह घटना सरवट फाटक क्षेत्र में बामनहेड़ी पुल से पहले हुई है। पुलिस मामले में नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।





# शाह बोले- देश कोई धर्मशाला नहीं:यहां रहने का अधिकार सिर्फ नागरिकों को, घुसपैठिए भारत की सुरक्षा के लिए खतरा

**नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। यहां रहने का अधिकार केवल नागरिकों को है। घुसपैठिए देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए खतरा हैं। हमारा लक्ष्य देश को इन घुसपैठियों से मुक्त करना है। शाह ने इंटेलिजेंस ब्यूरो की नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजीज कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने पिछले आठ महीनों में सभी बॉर्डर स्टेट का दौरा किया है। उन्होंने इन राज्यों के साथ सीमा सुरक्षा की रणनीति से जुड़ा दस्तावेज भी साझा किया। शाह ने आतंकवाद को पूरी तरह खत्म करने और उसके 360 डिग्री नेटवर्क को तोड़ने के लिए रणनीति को रोज की कार्रवाई में उतारने की बात कही। सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के तीन बड़े केंद्रों- नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर का आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद से जुड़ी चुनौतियां खत्म कर दी हैं। इसका श्रेय सभी राज्यों की पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों को जाता है। अगर पिछली सरकारों ने नशीले पदार्थों, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर की समस्याओं को गंभीर होने से पहले समझ लिया होता, तो देश को दशकों तक इनका खामियाजा नहीं भुगतना पड़ता। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूरे कैडर को खत्म करना और एक ही रात में उस पर प्रतिबंध लगाना केंद्र और राज्यों के तालमेल का बेहतरीन उदाहरण है। 2019 से 2026 के बीच करीब 274 भगोड़ों को विदेश से वापस लाया गया है। सभी राज्य लक्ष्य तय करें कि विदेश में बैठे भगोड़ों को देश के कानून के दायरे में लाया जाए। मोदी सरकार ने मल्टी एजेंसी सेंटर को भी अपग्रेड किया है, ताकि यह कई स्तरों पर नतीजे देने वाला प्लेटफॉर्म बन सके। एक साल में तीनों नए कानून 100 फीसदी लागू होंगे। इससे आपराधिक मामलों का निपटारा सुप्रीम कोर्ट तक तीन साल में हो सकेगा और सजा की दर 25 फीसदी बढ़ेगी। ठरर फोरम को 15 से 20 साल आगे की सुरक्षा चुनौतियों का अनुमान लगाकर उन्हें बड़े खतरे बनने से रोकने की रणनीति बनानी चाहिए।

# बुलेटिन कार्यालय पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार

## – सच्ची पत्रकारिता को नमन करते हुए बुलेटिन संस्थापक को दी पुष्पांजलि

### - कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने बाऊजी की विरासत को शानदार तरीके से आगे बढ़ाया







**मुजफ्फरनगर 26 अगस्त (बु.)।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार बुधवार को बुलेटिन कार्यालय पर पहुंचे और बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ से शिष्टाचारी भेट करते हुए आने वाले 2027 के चुनाव गहन चर्चा की, बुलेटिन सम्पद ने उन्हें शहर में हो रही जनता की जमीनी समस्याओं से अवगत कराया और प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री तक इन मुद्दों को पहुंचाने का आग्रह किया। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बुलेटिन संपादक को आश्वस्त किया कि वे सिर्फ मुजफ्फरनगर शहर ही नहीं पूरे जनपद की मूलभूत समस्याओं को अपने नेता जयंत चौधरी व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाने का काम तो करेंगे, ही साथ ही साथ उक्त समस्याओं का निस्तारण भी कराएंगे। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ व कैबिनेट मंत्री के बीच हुई लम्बी सामाजिक चर्चा के बाद बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चंद शर्मा को कैबिनेट मंत्री द्वारा भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि, बाबू जी सिर्फ पत्रकारिता के भीष्म पितामह ही नहीं थे बल्कि हम राजनैतिक लोगों के भी प्रेरणा स्रोत थे। बड़े बड़े नेता बाबूजी के पास आया करते थे, चाहे फिर हुक्म सिंह हो पूर्व चेयरमैन लक्ष्मीचंद हो या पूर्व कैबिनेट मंत्री विद्याभूषण, पूर्व सांसद मुनव्वर हसन रहे हो सभी का शर्मा जी से खूब स्नेह रहा। आज चर्चा में भाजपा नेता अचिंत मित्तल भी कैबिनेट मंत्री के साथ मौजूद रहे और बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के पिता रमेश साई ने भी मंत्री अनिल कुमार अपना आशीर्वाद प्रदान किया तथा निकट भविष्य में आम जनता के हितों में कार्य करने की प्रेरणा दी।

# वैगनआर ने भैंसा-बुग्गी को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल



**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-58 पर सठेड़ी कट के पास बुधवार की सुबह करीब दस बजे एक बेहद तेज रफ्तार वैगनआर कार ने भैंसों के चारे के लिए जा रहे पति-पत्नी की भैंसा-बुग्गी में जोरदार और भीषण टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भैंसा-बुग्गी में सवार 50 वर्षीय महिला रशीदा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके पति रहीसुद्दीन इस हादसे में बेहद गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कार की तेज टक्कर लगते ही भैंसा-बुग्गी पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर बिखर गई और उस पर सवार दंपती उछलकर सड़क पर जा गिरे। रतनपुरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सठेड़ी निवासी रहीसुद्दीन और उनकी 50 वर्षीय पत्नी रशीदा बुधवार सुबह अपने घर से मवेशियों और भैंसों के लिए चारा लेने भैंसा-बुग्गी में सवार होकर जा रहे थे।

जैसे ही नेशनल हाईवे-58 पर स्थित सठेड़ी कट के पास पहुंचे और सड़क की दूसरी तरफ जाने के लिए रहीसुद्दीन अपनी भैंसा-बुग्गी को सठेड़ी कट के पास मोड़ रहे थे, तभी तेज गति से आ रही एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने सीधे रहीसुद्दीन की भैंसा-बुग्गी में भीषण टक्कर दे मारी। वैगनआर कार की जोरदार टक्कर लगने के बाद भैंसा-बुग्गी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर बैठे रशीदा तथा उनके पति रहीसुद्दीन जोरदार झटके के साथ सड़क पर गिर पड़े। कार की सीधी टक्कर लगने से 50 वर्षीय रशीदा को शरीर में अत्यधिक गंभीर चोटें आईं। रशीदा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और उनकी मौके पर मौत हो गई। वहीं हादसे में उनके पति रहीसुद्दीन भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए और सड़क पर पड़े दर्द से कराहने लगे। भीषण हादसे के बाद जोरदार आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दुर्घटनास्थल की ओर दौड़े। देखते ही देखते सठेड़ी कट के पास राहगीरों और स्थानीय लोगों की एक बड़ी भीड़ एकत्र हो गई। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और गाड़ियों की आवाजाही थम सी गई। राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने रतनपुरी थाना पुलिस को इस पूरी घटना की सूचना दी। पुलिस ने भीड़ को हटाकर हाईवे की स्थिति को संभाला और बाधित हुई यातायात व्यवस्था को दोबारा सुचारु रूप से चालू कराया। रहीसुद्दीन को आपातकालीन उपचार के लिए निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली (सीएचसी खतौली) भिजवा दिया। दूसरी तरफ, पुलिस ने घटनास्थल से मृतका रशीदा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# इंडियन हॉस्पिटल में महिला की प्रसव के दौरान मौत



**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** इंडियन हॉस्पिटल में आज एक महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गई। मौत को लेकर परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। बताया गया है कि छोटी पुत्री शाहनवाज निवासी भोकरहेड़ी को प्रसव के लिए इंडियन हॉस्पिटल में मौत हो गई। उसे दोपहर में हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बाद में उसकी हालत बिगड़ती गई और उसने वहीं दम तोड़ दिया। परिजनों ने हॉस्पिटल के चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। इस हॉस्पिटल पर कई बार सील लग चुकी है, लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी से सील खुल जाती है। ऐसे में आज फिर एक महिला लापरवाही की भेंट चढ़ गई।

# नेपाल में बाढ़ से तबाही, सैकड़ों लापता, 102 मौतें:पावर प्लांट-पुल बहे

## 133 भारतीय समेत पांच सौ लापता, कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे थे

**काठमांडू, 26 अगस्त (एजेंसी)।** नेपाल-तिब्बत बॉर्डर पर बुधवार सुबह अचानक आई बाढ़ ने नेपाल के रसुवा जिले में भारी तबाही मचा दी। सुबह 9 बजे तिब्बत की दिशा से भोटेकोशी नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आया जिसमें कई इलाके चपेट में आ गए। नेपाल की भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। रसुवा और नुवाकोट जिलों में नदी किनारे के इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। सड़कें बह गईं। बाजार तबाह हो गए। कई जलविद्युत परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचा है। नेपाल पुलिस के मुताबिक, अब तक 95 लोगों के मौत की खबर है। नेपाल के पर्यटन विभाग के मुताबिक 500 से ज्यादा लोगों का पता नहीं चल रहा है। इनमें 133 भारतीय समेत 300 से ज्यादा विदेशी पर्यटक हैं। नेपाली अधिकारियों के मुताबिक एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि जिस ग्लेशियर झील के फटने से अचानक बाढ़ आई थी, वहां अभी भी करीब 7 मीटर ऊंचा पानी का बांध बना हुआ है। यह कभी भी टूट सकता है। शुरूआती वैज्ञानिक आकलन के मुताबिक, ल्हेंदे नदी में बर्फ और पत्थरों का बड़ा हिस्सा गिरा, जिससे नदी का रास्ता रुक गया और पानी जमा होने लगा। बाद में यह रुकावट टूट गई और जमा पानी तेज रफ्तार से नीचे बहा, जिससे अचानक फ्लैश फ्लड आ गई। ग्लेशियल झील फटन की संभावना की भी जांच की जा रही है। उस समय रसुवा में तेज बारिश नहीं हुई थी। हालांकि इसकी वजह भूकंप भी बताई जा रही है। सुबह 8:37 बजे 4.4 तीव्रता का भूकंप आया था। बाढ़ भी इसी समय के आसपास आई, इसलिए इसके संबंध की जांच हो रही है। नेपाल में भोटे कोशी और त्रिशूली नदी क्षेत्र में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बचाव दल 95 शव बरामद कर चुके हैं। दोनों देशों की सीमा से लगे क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी है।



## 10 मिनट में तिनके की तरह ढह गया 1643 छात्रों वाला स्कूल

**काठमांडू, 26 अगस्त (एजेंसी)।** नेपाल के नुवाकोट में बुधवार सुबह त्रिशूली नदी का पानी अचानक बढ़ा तो बिदुर स्थित त्रिभुवन त्रिशूली माध्यमिक विद्यालय में अफरातफरी मच गई। उस समय स्कूल में 1643 छात्र पढ़ाई कर रहे थे। सुबह 9:15 बजे बाढ़ की चेतावनी मिली और महज 10 मिनट बाद 9:25 बजे नदी का तेज पानी और बड़ी लहर इलाके तक पहुंच गई। स्कूल प्रशासन ने छात्रों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर भेजा, जिससे बड़ी संख्या में बच्चों को खतरे से बाहर निकाल लिया गया। हालांकि बाढ़ से पहले पुल पार कर घर जाने वाले कुछ छात्रों का अब तक पता नहीं चल सका है। उकेरा की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानाचार्य राजेंद्र दवाड़ी ने बातया कि बुधवार सुबह स्कूल में सामान्य तरीके से पढ़ाई चल रही थी। अचानक सुबह 9:15 बजे त्रिशूली नदी में तेज बाढ़ आने की सूचना मिली। स्कूल प्रशासन ने तुरंत छात्रों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा। इसके करीब 10 मिनट बाद सुबह 9:25 बजे नदी में पानी का तेज बहाव आया और बड़ी लहर स्कूल के आसपास के इलाके तक पहुंच गई। बाढ़ की शुरूआती चेतावनी मिलने के बाद छात्रों को सुरक्षित जगह ले जाने से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को खतरे से बाहर निकालने में मदद मिली। प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल से कॉलोनी की ओर जाने वाले सभी छात्र सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वह खुद भी करीब 35 से 40 छात्रों और स्थानीय लोगों के साथ कॉलोनी क्षेत्र में सुरक्षित हैं।

